

SHRI . O. RAJAGOPAL (Madhya Pradesh): Madam, I would like to seek clarifications from the hon. External Affairs Minister on another aspect. When I recently had an occasion to visit Tripura in connection with a Parliamentary work, a delegation of the Chakmas told me....

1.00 P.M.

that they are prepared to go back. They only want that peaceful living conditions should be ensured. I would like to know from the hon. Minister whether there was any discussion on that aspect. This would enable the return of the Chakma refugees back to their land.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I.K. GUJRAL): Madam Vice-Chairperson, may I submit this to you and to the hon. Members? Several questions have been raised by the hon. Members and they need an elaborate reply. The Chair has also decided that we would have a discussion. I suggest that we can have it tomorrow. I will be able to do that for a different reason also. I hope you will not mind my saying so. At the Rashtrapati Bhavan, there is a lunch for the visiting Prime Minister; and I am supposed to be there. If you do not mind, I may be permitted to go there. Otherwise, I am entirely in your hands.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I think we can have the reply tomorrow..*(interruptions)*...

SHRI I.K. GUJRAL: I think you can fix it tomorrow sometime. We can discuss it at length. I think it is good to discuss it at length because I am very keen to respond to all the queries, doubts, or whatever they may be, of the House and I would like to clarify their points.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): We will have the discussion tomorrow between 2.00 and 2.30 P.M.

SHRI I.K. GUJRAL: Thank you.

...(Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): We can have the reply to the clarifications tomorrow.

SHRI I.K. GUJRAL: In the meantime, hon. Members would have the opportunity of seeing the Treaty as a whole. I will be placing it on the Table of the House. By tomorrow you can read it and if you want to add something to your queries, I will be very happy to reply to them.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The House now stands adjourned for lunch till 2 o'clock.

The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at five minutes past two of the clock,

THE VICE-CHAIRMAN [(SHRI AJIT P.K. JOGI) in the Chair.)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Now, Shri Yerran Naidu to move a motion for consideration of the Provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Bill, 1996.

THE PROVISIONS OF THE PANCHAYATS (EXTENSION TO THE SCHEDULED AREAS) BILL, 1996

THE MINISTER OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI YERRAN NAIDU): Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the

extension of the provisions of Part IX of the Constitution relating to the Panchayats to the Scheduled Areas, be taken into consideration."

Sir, all Members are aware that the Panchayat! Raj set up brought into position in the wake of the Constitution 73rd Amendment Act, 1992 which came into force on 23rd April, 1993 and inserted as Part IX of the Consitution provides an ideal institutional framework for democratic decentralisation and peoples' participation in the developmental process. Scheduled Areas referred to in Clause (1) and tribal areas referred to in Clause (2) of Article 244 were excluded from the operation of Part IX of the Constitution. The States which have scheduled Areas are Andhra Pradesh, Bihar, Gujarat, Himachal Pradesh, Maharashtra, Madhya Pradesh, Orissa and Rajasthan.

After the enactment of the Constitution 73rd Amendment Act, these State Governments having Scheduled Areas, enacted the State Panchayat laws which did not exclude the Scheduled Areas. This action on their part tcntamount to extension of legislation on Panchayati Raj to the Scheduled Areas. The extension of Part IX of the Constitution by the States of Andhra Pradesh and Bihar to Scheduled Areas was challenged in their respective High Courts. The Courts have held the extension of State Panchayats Acts to the Scheduled Areas as *ultra vires* of the Constitution and viewed that Part IX can be extended to these Scheduled Areas only through an Act on the Parliament, as provided in Article 243M(4) (b) of the Constitution. That is why I am introducing the present Amendment which would apply to the Scheduled Areas in eight States.

There have also been persistent demands from prominent leaders of Scheduled Areas and Members of Parliament as also from the State Governments for extending the provisions of Panchayati Raj to Scheduled Areas. In this background a Committee of Members of Parliament and experts was constituted with the approval of the Prime Minister to make recommendations on the law concerning such extension to the Scheduled Areas. The Committee, under the chairmanship of Shri Dileep Singh Bhuria, Member of Parliament, which consisted of 15 Members of Parliament, including the Chairman, drawn from both the Houses of Parliament, belonging to Scheduled Tribes and seven other expert members, including representatives of concerned Ministries and Departments, submitted its Report after discussing everything in detail. Basing on that report, I have come up with an Amendment before the House. The Committee, under the Chairmanship of Mr. Bhuria have had extensive cosultations with the concerned Ministries of the Government of India and the State Governments. Keeping in view the recommendations of the Bhuria Committee and the views expressed during these consultations, the present Bill has been brought in. Bulk of the population lives in the Scheduled Areas and the tribal areas.The Bill seeks to extend the Panchayat Raj to the Scheduled Areas, with certain exceptions and modifications. These exceptions and modifications air at ensuring that the essential features of the tribal society are kept -in tact. The Bill provides that the State legislation, which would follow, should be in consonance with the customary laws, social and religious practices, customs and traditions of the tribal people.

Every village shall have a Gram Sabha consisting of all persons who live in a village and whose names are included in the electoral rolls. Keeping in view the demographic layout in tribal areas, the village could be a hamlet consisting of 5 to 30 families or a cluster of hamlets, a habitation or group of habitations. The empowerment of the Gram Sabhas is at the core of this Bill. The Gram Sabhas shall be competent to safeguard and

preserve the traditions and customs of the people. It is proposed to be vested with powers to approve the programmes and projects for social and economic development, to identify the beneficiaries of poverty alleviation programmes and to certify the utilisation of funds.

Tribal communities have been deprived, over the years, of their rightful control over their natural and economic resources such as land, water, minor forest produce, minor minerals, etc., as a result of the action of private parties and also as a result of certain developmental projects. The Bill proposes to remedy this by providing that the Gram Sabhas and Panchayats at the appropriate level shall be endowed specifically with the powers to prevent alienation of land in the Scheduled Areas and to restore and unlawfully alienated land of a Scheduled Tribe; that prior recommendation of the Gram Sabhas and the Panchayats shall be mandatory for acquisition of land for any developmental projects and that for resettlement of project-affected persons and for exploitation of minor minerals. The ownership of minor forest produce is to be vested in the Panchayats. The Bill also addresses the problem of tribal indebtedness and empowers Panchayats to exercise control over money-lending in the Scheduled Areas. The Bill also seeks to vest Panchayats in the Scheduled Areas with powers to manage local markets and to control and restrict the sale and consumption of any intoxicant so as to prevent unscrupulous elements from operating in these areas.'

In order to make decentralisation meaningful, the Panchayats and the Gram Sabhas have been empowered to exercise control over the local plan resources including Tribal Sub-Plans and also to exercise control over institutions and functionaries in all social sectors.

To make self-governance a reality, it is proposed that State legislations should vest Panchayats at each level with specific powers and authority and provide safeguards to prevent Panchayats at the higher level from assuming powers of Panchayats at the lower level or of the Gram Sabhas. The Bill also provides that the offices of the Chairpersons at all levels in the Panchayats shall be reserved for the Scheduled Tribes and the reservation of seats at every Panchayat for the Scheduled Tribes shall not be less than fifty per cent of the total number of seats. The Bill further makes a provision to enable State Governments to nominate to Panchayats at intermediate and district levels such tribes as have not succeeded in getting elected. Such nominations shall not, however, exceed ten per cent of the total number of elected representatives.

In short, the Bill, while seeking to extend Panchayati Raj to Scheduled Areas, aims at strengthening grass-roots institutions and safeguarding the fabric of tribal society.

In so many States like Maharashtra, Andhra Pradesh, Bihar, Gujarat, etc., there are no local self-Governments in the Scheduled Areas. In other areas the elections to the local self-Government are already over and the Panchayat system is working peacefully. So, on the basis of the court verdict, it is required to amend this law. That is way I am introducing this Bill. I hope all will cooperate.

The question was proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P. K. JOGI): The motion is moved. Prof. Ram Kapse. Your party has got 22 minutes. You will please keep that in view.

PROF. RAM KAPSE (Maharashtra) : Sir, I will be very brief. I support the Bill which has been brought by the hon. Minister. This Bill should have been passed long back. When we started the Panchayati Raj system in 1993, some States faced a lot of problems. We would be facing a lot of problems in Maharastra if this Bill is not passed today. In the month February, 1997 we are going to hold elections in Maharashtra. Only three months are left. If this Bill is not passed before that, Maharashtra would be facing

a peculiar situation. There is the Panchayati Raj system in Maharashtra for the last 20 years. The Minister has mentioned that there is no Panchayati Raj system in Maharashtra. It is not so. Even today it is working. I know it because I belong to Maharashtra. I have been brought up in a Scheduled Area. I know it for certain. There is a Panchayati Raj system. There is a Taluka Panchayat Samiti and there is a Zilla Parishad also and persons are elected from the Scheduled Area. If this Bill is not passed before February, 1997, some areas would go in for elections and the Scheduled areas would not go in for elections. This would have created a problem. Still there are certain problems which I would like to mention here. For example, take the Thane district. Half of the Thane district is urban area with three corporations and the remaining. Thane district is rural area with Adivasi background and the Scheduled Tribe Area. Half of the area would have gone in for elections At the same time, in the urban area there are some townships which are having a Scheduled Tribe background, like Dahanu and Jawhar. They have a population of 5000. They are in a Shcdulcd Area, because of this Act, elections have not been held there for town municipalities. Elections are still pending at Dahanu and Jawhar cities. The Dhullia district and the Nasik district are also facing the same problem. Today the minister has brought this Bill for rural areas, but for urban areas he has not prepared any Bill. Therefore, elections cannot be held in these areas. Of course, it is a different department. But the Government is one. I would request the Minister to take note of it. I would also request him to do something for those areas where elections need to be held. So far as Gujarat is concerned, the same problem arose in Gujarat when the Panchayat Samiti elections took place there. But nobdoy went to court and the election was regularised. But in Bihar and Andhra Pradesh, people went to court and then the High Court gave its judgment. That is why the Minister has brought this Bill. So far as legislation is concerned, we were lagging behind. I congratulate the Minister for bringing this •Bill today. I would request all the Members to get this Bill passed as early as possible to help the Panchayati Raj system. So far as Gram Sabha is concerned, I totally support it. While making laws, we should take into account the coustomary law, social and religious paractices of the Scheduled Tribes. So far as the powers to approve the programmes and projects for social and economic development are concerned, these powers should be given to Gram Sabha this was the view of Mahatma Gandhi and Shri Deen Dayal Upandhyaya. So far as the ownership of minor forest produce is concerned, it is a long-standing demand of Adivasis. They have been facing so many problems. They are in trouble for centuries.

I also support the clause : "The ownership of minor forest product." I also support the clause regarding mining lease for minor minerals. As far as lending is concerned, my suggestion is that, individual lending should be stopped immediately. That is the basic problem faced by backward areas. Individual lending should be stopped. The Government should take the responsibility of lending. Banks should go ahead with this. But individual lending should be stopped. As far as prohibiting sale and consuption of liquor is concerned, you will face some problems. In Orissa a peculiar kind of liquor is consumed by the backward classes. They are allowed to prepare it themselves. We will not be able to do much in this area. But at the same time, liquor should not be sold in shops. That should be stopped. You have mentioned here that Panchayats can enforce prohibition or regulate or restrict the sale and consumption of intoxicants. The real problem faced by backward areas is that of sale and consuption of liquor. This has led to a lot of problems throught out Maharashtra, throughout Karnataka and

throughout Gujarat. So, these are the two things that I wanted to mention. I will be happy if these are taken care of at this level itself. In all other matters, I support the Bill. You should bring forward a Bill as early as possible for providing 50 per cent reservation for Adivasis. You must bring forward a Bill covering township also. I think this will be accepted in line with this Bill. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P. K. JOGI) : Shri Ramji Lai, not there. Shri Maurice Kujur.

SHRI MAURICE KUJUR (Orissa) : Hon. Vice-Chairman, Sir, this is the first time that I rise to speak in this House and if I go little out of the way, I may be excused.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI) It is his maiden speech and we know the tradition and convention as regards maiden speeches.

SHRI MAURICE KUJUR : Sir, I rise to support this Bill becasue I belive that this Bill will help tribals to come out of their present plights, Sir, I will try to higlight some problems faced by tribals. Sir, nature has fortunatly endowed tribal areas with rich forest and mineral deposits, but instead of enjoying the fruits of these natural resources, the tribal people are adversely affected because large scale industrial ventures, hydro-eletric projects and irrigation dams have come up in tribal areas. The tribal people have to sacrifice their lands for industries. A few years back', the Commissioner of Scheduled Castes and Scheduld Tribes had conducted a survey. It was-found that 17 lakh people were displaced on account of these projects. Out of 17 lakhs eight lakh people were tribals and out of eight lakh tribal people only two lakhs were given land for land. The point is that land belonging to the tribal people is taken away because of these big projects. Where will they go now?

Because of forest laws the tribals are deprived of the forest goods directly or indirectly which they were enjoying hitherto. Sir, almost in all the States laws have been passed prohibiting alienation of tribal lands to non-tribals. In spite of these laws, on some plea or the other, still the lands of the tribals are grabbed. All lands of tribals should be protected and help should be provided for agricultural development. Sir, about two lakh tribal families in about 5,000 forest village in the country do not possess the rigtht to the land they cultivate for many years. Without these forest villages being declared revenue villages, the tribals cannot get benfit from various developmental programmes ment for the tribals. Sir, in spite of various beneficial programmes the tribals are still lagging behind. We must find out the reasons for this backwardness. I think one of the factors responsible for the backwardness of the tribals is lack of education. It is really shocking that literacy rate among the tribals is very low in comparison to the literacy rate of other communites. Sir, what is needed is educated tribals and not merely literate tribals. Efforts should be made to induct more tribal teachers to work in the tribal areas where others are reluctant to serve. Special allowances and incentives should be given to make the jobs more attractive in the tribal areas. Sir, the Central Government has been allocating funds for the upliftment of the tribals under different schemes. The State Governments also are spending money for the welfare of the tribals but it is unfortunate that tribals have not got all the benefits from the development programmes. This is because the implementation of these development programmes is more in letter than in spirit in several cases. Late Shri Rajive Gandhi very rightly remarked, I quote, "We are spending a huge amount of money for tribal development but hardly 25 per cent is reaching them" Sir, somewhere. at some point, it appears that there is understanding between the exploiters and the programme implementing agencies.

This exploitation should be stopped at all levels and in all states, Sir, I feel while I go through this bill there are many provisions in this Bill and definitely two problems I have mentioned now. Through this Bill tribals will be able to overcome and fight and come out from this plight of self-government and tribals will be able to take care of themselves. I feel this Bill provides some protection if not fully in the economic, political, social and educational growth of the tribals. And that is why, Sir, I wholeheartedly support this Bill and I request all my friends that this Bill should be passed. With these words, I support the Bill. I thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Shrimati Kamla Sinha not present. Shri Sanatan Bisi.

SHRI SANATAN BISI (Orissa): Thank you, Mr. Vice-Chairman, for giving me this opportunity. I appreciate the Bill and its various provisions. But I am sorry to say that in some of the States, it is found that the funds earmarked in the Tribal Sub-Plan are being siphoned off and are not being spent properly. The annual reports that are published from time to time by the various State Governments reflect that the beneficiaries under the Tribal Sub-plans have not been identified properly. There is siphoning off of the funds. It should be an area which we should consider very seriously.

The other thing is regarding panchayats. The United Front's Common Minimum Programme is for the good of every one, for social justice. In this connection, I would request the hon. Minister to have a look at article 243 which deals with reservation in the panchayats. Clause (b) of this article speaks of reservation for the scheduled castes and the scheduled tribes. At a time when we are talking more about the Other Backward Classes, clause 6 says: Nothing in this part shall prevent the legislature of the State from making any provision for reservation of seats in any panchayat or offices of Chairpersons in the panchayats, at all levels, in favour of backward class people. We are fighting for social justice. I would, therefore, request the hon. Minister to bring forth such a legislation or at least ensure that the States are implementing the provisions for equal represention in all walks of life properly.

डा० जगन्नाथ मिश्र (बिहार): महोदय, इस विधेयक का मैं पूर्ण समर्थन करता हूं, इसलिए कि जिस समय 73वां संशोधन विधेयक पारित हुआ और जो प्रावधान उसमें किए गए थे, उन प्रावधानों के अंतर्गत यह कहा गया था कि नागालैंड, मेघालय, मिज़ोरम, मणिपुर और गोरखालैंड में तत्काल यह कानून प्रभावी नहीं होगा और उसी तरह से जो शैडयूल्ड एरिया है, उस स्थान में भी यह कानून उस रूप में लागू नहीं होगा और इनके लिए संसद अलग से एक कानून बनाएगी। आदिवासियों की जो मौलिक मान्यताएं हैं, जो उनके धार्मिक और सांस्कृतिक पक्ष हैं और जो उनकी पुरातन परिपाटी है, उसे ध्यान में रखते हुए संसद एक अलग से कानून बनाएगी। यह जो एक अपवाद दिया गया था उस संविधान संशोधन कानून में, उसके कार्यान्वयन के लिए 1993 में, 1994 में सरकार के स्तर पर काफी चिंतन भी हुआ, विचार भी हुआ और एक संसद सदस्यों की कमेटी भी बनाई गई, जो भूरिया कमेटी के नाम से विख्यात है। उस कमेटी ने विस्तार से इस बात की समीक्षा भी की, जांच भी की कि किस तरह के कानून शैडयूल्ड एरिया के लिए लगाए जाएं, बनाए जाएं पिछली सरकार के समय में ही इस पर काफी विचार-विमर्श हुआ था और इस संशोधन को अंतिम रूप दिया जा रहा था। हमें प्रसन्नता है कि आज वर्तमान मंत्री ने सरकार की तरफ से इस विधेयक को हमारे सामने प्रस्तुत किया है। यह निर्विवाद है कि आदिवासियों की एक अपनी पहचान होती है, उनकी अपनी एक अलग संस्कृति है, उनके अपने रीति-रिवाज है, जो सामान्य रीति-रिवाजों से भिन्न हुआ करते हैं। इसलिए एक राज्य में, जहां यह शेडयूल्ड एरिया अधिसूचित है, उस भाग और अन्य भागों में स्थानीय प्रशासन में अंतर होना चाहिए। चूंकि आदिवासी राज्यों में पहले से कोई न कोई प्रणाली रही है। कुछ राज्यों में शैड्यूल्ड ऐरियाज़ थोड़े हैं जैसे बिहार या बंगाल या उड़ीसा या गुजरात या मध्य प्रदेश। पहले बिहार में मानकी मुण्डा प्रणाली थी जो स्थानीय शासन का काम करती थी। उसी तरह की प्रणाली भिन्न-भिन्न राज्यों में विभिन्न स्थानों पर रही है। इसकी वजह से जो कानून

सारे देश में लागू हुए, वे कानून स्वाभाविक रूप से इन ऐरियाज़ में लागू करना तत्काल संभव नहीं था।

उपसाभाध्यक्ष महोदय, यह तो सभी जानते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 5 और 6 में अलग से प्रावधान किए गए है शैड्यूल्ड ऐरियाज़ के बारे में और शैड्यूल्ड ट्राईब्ज़ के प्रशासन के बारे में। हमारे संविधान के अनुच्छेद 339 में खास तौर से प्रावधान है आदिवासियों को जानने के लिए, आयोग बनाने के लिए और उसी अनुच्छेद के खंड 2 में यह प्रावधान है कि केन्द्रीय सरकार को यह अधिकार है कि भिन्न-भिन्न राज्यों में स्थित आदिवासियों के कल्याण की योजनाओं को निर्देशित करने के लिए राज्यों को आदेश दे। संविधान में तो यहां तक कहा गया है अनुच्छेद 365 के अंतर्गत कि इस प्रकार के निर्देश जारी किए जाएं सरकार की तरफ से कि अगर राज्य सरकार इन निर्देशों का पालन न करे तो इसे उस राज्य सरकार की विफलता मानी जाए और ऐसे निर्देशों का पालन न करने के कारण उस सरकार के विरूद्ध संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन कार्यवाही की जा सकती है। महोदय, संविधान बनाने वालों ने आदिवासियों की सुरक्षा और संरक्षण को कितना महत्व दिया है, यह इसी से स्पष्ट हो जाता है।

इसीलिए हमारा जो शैड्यूल 6 है, जहां पर कि आदिवासी ऐरियाज़ के बारे में अलग से प्रशासन की व्यवस्था है, चाहे वह असम में हो या मेघालय में हो या मिजोरम में हो या त्रिपुरा में हो, उसी के साथ शैड्यूल 5 में शैहड्यूल्ड ऐरिया, शैड्यूल्ड ट्राईब के प्रशासन के बारे में प्रावधान है। इस संबंध में भूरिया कमेटी ने जो सिफारिशें की है, उनको मैंने देखा है। उन्होंने जो अनुशंसा की है कि इस इलाके के प्रशासन की अलग से व्यवस्था की जानी चाहिए, हम उस राय के साथ सहमत नहीं है लेकिन हम इस बात को स्वीकर करते हैं कि चूंकि आदिवासी आबादी की कुछ खास विशेषता है इसलिए उस इलाके के लिए उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किया जाना चाहिए। इसलिए संविधान संशोधन कानून के अधीन पंचायतों को नया स्वरूप दिया जा सकता है। इस संविधान संशोधन विधेयक में जो प्रावधान किया गया है, वह सही है कि उनकी जो सामाजिक, धार्मिक, पारंपरिक व्यवस्थाएं हैं, उनका संरक्षण किया जाए। यह भी सही है कि प्रत्येक गांव में ग्राम-सभा की स्थापना की जाए और उनकी जो पारंपरिक रुढ़ियां हैं, उनकी रक्षा की जाए और उन्हें मिटने न दिया जाए। सामाजिक और आर्थिक विकास के कार्यक्रम बनाने का अधिकार ग्राम-सभा को हो। यह बात सही है कि आदिवासियों की वन-संपत्ति है, उस पर उनका स्वामित्व होना चाहिए और इनका नियंत्रण ग्राम-सभा के हाथ में होना चाहिए। इन आदिवासी इलाकों में खनिज संपदाएं भी है। इन खनिज पदार्थों के संरक्षण के बारे में, उनकी लीज़ के बारे में, ग्राम-सभा को विश्वास में लेना चाहिए।

महोदय, आदिवासी इलाके में सबसे बड़ी परेशानी तब खड़ी होती है जब लैंड ऐक्विज़िशन ऐक्ट के तहत भूमि अर्जित की जाती है सार्वजनिक कार्यों के लिए, जिसके कारण आदिवासी विस्थापित हो जाते हैं। उन लोगों की आवाज कोई नहीं सुनता, उनकी कोई पूछ नहीं होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि जब लैंड ऐक्विज़िशन ऐक्ट के तहत आदिवासियों की जमीन अर्जित की जाए या जिसके कारण आदिवासी विस्थापित हो रहे हों, उनके पुनर्वास की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उसे ग्राम-सभा की पूरी स्वीकृति होनी चाहिए। उसके बगैर उनकी कोई ज़मीन अर्जित न की जाए। उसी तरह से यह भी एक बड़ी समस्या इस इलाके में है कि आदिवासियों की ज़मीन जबरन छीन ली जाती है जिसे हम लैंड ऐक्विज़िशन कहते हैं। इसके बिहार में अनेक उदाहरण मिलेंगे। बिहार में बड़े पैमाने पर उद्योग को स्थापित करने के नाम पर आदिवासियों को ज़मीन से वंचित कर दिया गया था। सरकार की तरफ से पूरी कोशिश भी की गई कि आदिवासियों की ज़मीन वापस की जाए और वह वापस हो भी रही है लेकिन उसकी गति बहुत धीमी है। इसलिए स्थानीय पंचायत को, ग्राम-सभा को उसमें प्रत्यक्ष रूप से साझेदार बनाना चाहिए और जिसे ज़मीन से बेदखल किया जाता है,

वह तत्काल उसको वापस की जानी चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि एक तो अंतरण होने ही नहीं चाहिए और जिनकी ज़मीन ट्रांसफर हुई है, उस ज़मीन का उन्हें फिर प्रत्यावर्तन कर दिया जाए, उनको वापस कर दी जाए।

फिर गांवों में जो हाट होते हैं, बाज़ार होते हैं, उस गांव के लोगों का उस पर पूरा स्वामित्व होना चाहिए और उनका पूरा नियंत्रण उस पर होना चाहिए। एक माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा कि जिस तरह से मादक द्रव्यों के सेवन से वहां पर समस्याएं उठती हैं, आदिवासियों की यह बड़ी मांग रही है कि वहां पूर्ण रूप से मद्य-निषेध लागू किया जाए। मद्य-निषेध कुछ राज्यों में हुआ भी है, कहीं सफल हुआ है और कहीं सफल नहीं हुआ है लेकिन ग्राम-सभा को और ग्राम-पंचायत को ऐसी शक्ति होनी चाहिए कि वे मद्य-निषेध कर सकें और जो मादक द्रव्य हैं, उनकी बिक्री को वे विनियमित कर सकें। उसके उपभोग को सीमित कर सके, नियंत्रित कर सकें। साथ-साथ राज्य विधान सभाओं की ओर से जो कानून बनें, उसमें पंचायतों को ऐसी शक्तियां देनी चाहिए कि उन शक्तियों का कोई अतिक्रमण शासन की तरफ से न हो पाए। पंचायत के सभी स्तरों में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है और 73वें संशोधन कानून का सीधा प्रभाव हुआ है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, पहली बार उनको सामाजिक और राजनितिक मान्यता प्राप्त हुई है, उनकी प्रत्यक्ष साझेदारी स्थापित हो रही है स्थानीय प्रशासन में। जिन राज्यों में पंचायती राज चुनाव हो चुके है वहां की जो पंचायतें बनी है, वहां पर शैड्यूल्ड कास्ट, शैड्यूल्ड ट्राइब्स और महिलाएं बड़ी संख्या में आई हैं। उसका स्वरूप ही बदल गया है। इसलिए शैड्यूल्ड एरियाज़ के लिए जो प्रावधान हो रहा है, यह सही है कि कम से कम पचास प्रतिशत आरक्षण पंचायतों में उनका तो होना ही चाहिए और जो चेयरपर्सन्स है, अध्यक्ष है, चाहे वे पंचायत के हों, प्रखंड के हों या ज़िला स्तर के हों, उनमें आदिवासियों के लिए निश्चित रूप से पूर्ण आरक्षण किया जाना चाहिए। इसलिए इस कानून के तहत जो प्रावधान किया जा रहा है, वह बड़ा ही महत्वपूर्ण है और उपयोगी है। लेकिन एक बात जो विचारणीय भी है और ध्यान देने योग्य भी है, वह यह है कि आदिवासी इलाके की पहचान इस समय औद्योगीकरण की वजह से मिट गई है और जिस तरह से उस इलाके में नदी घाटी योजनाएं चलाई जा रही है और बड़ी संख्या में वे विस्थापित हो रहे हैं या फिर जो वहां पर खनिज सम्पदाएं हैं, उनको निकालने के बारे में जो व्यवस्था हो रही है, इस सब से आदिवासियों की स्थिति लागातार कमज़ोर होती जा रही है। इसे हम कैसे रोक पाएंगे? जो पंचायती राज व्यवस्था हम वहां स्थापित कर रहे हैं इस कानून के बाद, उसके बाद भी आदिवासियों की इन समस्याओं का समाधान नहीं हो सकेगा। इसलिए आज एक बड़ी समस्या यह है कि उस इलाके में जंगल हैं, जंगलों के साथ आदिवासियों की सीधी पहचान जुड़ी हुई है, जंगल के लघु पदार्थ हैं, वह उनके जीवन के भरण-पोषण का एक सहारा है। उसी तरह से वहां पर खनिज सम्पदाएं हैं। पहले जो उनकी चीज़ें हुआ करती थीं, उसका स्वामित्व अब राज्यों में निहित हो गया है। इस समय उनकी कोई साझेदारी हो सकती है या नहीं हो सकती या उस इलाके में जो जल का भंडार है, उसके उपयोग के लिए जो योजनाएं बनती हैं, उनमें उनकी हिस्सेदारी और साझेदारी हो सकती है या नहीं हो सकती है? ये पंचायती राज व्यवस्था कैसे इसका निर्वहन कर सकेगी, यह प्रश्न अभी भी पड़ा हुआ है। जो अधिकार पंचायतों को दिए गये हैं, जो विभिन्न राज्य सरकारों ने अधिनियम बनाये हैं, उनमें 29 अख्तियार पंचायतों के बारे में दिए गए हैं, इन पंचायतों को ये काम दिए जा सकते हैं। और आज भी इस संशोधन में इन कार्यों की चर्चा की गई है। मंत्री जी ने अपने प्रारम्भिक भाषण में इन बिन्दुओं की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया है, वह काफी है उन लोगों के कल्याण के बारे में, लेकिन क्या यह हो रहा है? जो पंचायती राज कानून 24 अप्रैल 1993 से है, हमारे देश में क्या यह लागू हो सका है? अभी भी सभी राज्यों में पंचायतों के चुनाव नहीं हो पाये हैं। बिहार, उड़ीसा और तमिलनाडु राज्य हैं इन्होंने केन्द्र सरकार की हिदायतों के बावजूद भी वहां पर चुनाव सम्पन्न नहीं कराये हैं तो क्यों केन्द्र सरकार एक मूकदर्शक है? संविधान के प्रावधान अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं पंचायती राज बनाने के लिए। इसलिए इस कानून के जरिए हम आदिवासी क्षेत्रों में पंचायतों को विस्तारित कर रहे हैं। लेकिन जो पंचायतें आज जिन राज्यों में, जिन क्षेत्रों में हैं वहां उनकी क्या स्थिति है? जब राज्य सरकारें अभी तक उनको शक्तियां हस्तान्तरित नहीं कर रही हैं तो फिर आदिवासी इलाकों के लिए जो बात आप इस कानून में कह रहे हैं, तो फिर उन राज्यों में जहां पर ये शेड्यूल्ड एरियाज हैं वहां पर यह नहीं हो सकता है। उन्होंने ठीक ही कहा कि आन्ध्र के चुनाव में, मध्य प्रदेश के चुनाव में जिन आदिवासी इलाकों में इस कानून को एक साथ

लागू किया गया था वहां कानूनी अड़चनें पैदा की गईं। सारे प्रदेश में एक ही कानून बना दिया, हालांकि बनाना नहीं चाहिए था। इस संविधान संशोधन अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि इस इलाके के लिए अलग से कानून संसद बनाएगी तब कानून बनेगा। सारे मध्य प्रदेश में यह कानून लागू कर दिया गया और वहां के आदिवासियों ने उसे स्वीकार भी कर लिया था और आन्ध्र प्रदेश में भी एक कानून को सारे प्रदेश में लागू कर दिया गया। चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद जब आन्ध्र प्रदेश के हाई कोर्ट में यह मामला गया तो फिर उस पर रोक लगाई गई, वहां के चुनाव पर रोक लगा दी गई। हमारे संविधान की जो स्पिरिट है इसको राज्य सरकारें नहीं देख रही हैं। इसका क्या उपाय होगा? केन्द्र सरकार को गम्भीरता से सोचना पड़ेगा, अगर संविधान के मुताबिक यह कानून आप बना रहे हैं, हम कानून बना रहे हैं लेकिन हमारे द्वारा कानून बना देने के बाद क्या होगा इन शेड्यूल्ड एरियाज के बारे में? और क्या होगा उन राज्यों में जहां पंचायतों के चुनाव हो चुके है? वहां उनको शक्तियां तक नहीं दी गई हैं।

राजस्थान में चुनाव हो चुका है, जिला परिषदें भी बन चुकी हैं लेकिन वहां भी शक्तियां नहीं दी गयीं। मध्य प्रदेश में भी चुनाव सम्पन्न हुए, वहां की सरकार ने अधिसूचना जारी करके शक्तियां दी पंचायतों को, जिला परिषदों को। मैं वहां पर गया था लेकिन वहां की जिला परिषदों की शिकायत है कि सरकार से नोटिफिकेशन होने के बावजूद भी वे उन शक्तियों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही हैं। उसी तरह से अन्य राज्यों में भी चुनाव नहीं हो रहा है। हम तमिलनाडु के बारे में क्या कर रहे हैं? हम उड़ीसा के बारे में क्या कर रहे हैं? हम बिहार के बारे में क्या कर रहे हैं? इस संविधान के प्रावधान का कोई औचित्य नहीं होगा, कोई शक्ति नहीं होगी, राज्य सरकारें इसकी अवहेलना करती रहेंगी और कुछ नहीं होगा संविधान में कहा गया था कि वित्त आयोग का गठन किया जाएगा और कुछ राज्यों में वित्त आयोग का गठन हुआ भी, लेकिन आज भी पंचायतों को साधन नहीं दिए जा रहे हैं। दसवें फाइनेंस कमीशन ने पंचायतों के लिए अलग से लगभग चार हजार करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया था पांच साल के लिए। उसके अलावा भी राज्यों को साधन देना है वित्त कमीशन की अनुशंसा के मुताबिक। लेकिन जिन राज्यों में वित्त कमीशन बन भी गया, अनुशंसा आ भी गयी तो भी वहां पंचायतों को साधन नहीं दिये जा रहे हैं। जिन राज्यों में वित्त कमीशन की बहाली हुई लेकिन रिपोर्ट नहीं आई, वहां पर क्या होगा? भारत सरकार की तरफ से कहने के बावजूद भी वह कार्य नहीं हुआ है। 9 जनवरी, 96 को पंचायत मंत्रियों का सम्मेलन भी हुआ। उस सम्मेलन में जितने प्रस्ताव पारित हुए, उन पर भी अमल नहीं हो रहा है। देश की पंचायतों के अध्यक्षों का सम्मेलन अक्टूबर, 1995 में हुआ, उसमें राष्ट्रपति भी गये, प्रधान मंत्री भी गये और सारे देश के लोग आये। पंचायत के लोगों में बड़ा उत्साह था कि भारत सरकार की तरफ से कोशिश हो रही है। उस सम्मेलन में जो पंचायतों के अध्यक्षों ने अपनी राय जाहिर की, राज्य सरकारों की उदासीनता बताई तो उससे लगा कि जो पावर आफ द पीपल की बात राजीव गांधी ने सोची थी, वह सही सोची थी। कि जब तक हम पंचायतों को शक्तियां नहीं देंगे, तब तक वह शक्तिहीन रहेंगी। आर्टिकल 40 में हमने लोकल सेल्फ गवर्नमेंट की बात कही है, उसी के अनुसार यह संविधान संशोधन लाया गया राजीव गांधी के जमाने में। उस समय यह पारित नहीं हो पाया, लेकिन नरसिम्हाराव जी के जमाने में यह सर्वसम्मति से दोनों सदनों में पारित हुआ। तब ऐसा लगा कि सभी पालिटीकल पार्टिया ट्रांसफर आफ पावर के पक्ष में हैं और यह रीयल स्वराज होगा। 1947 में जब अंग्रेजों ने हम भारतीयों को शक्तियां हस्तांतरित कीं तो उस वक्त लगा था कि दिल्ली, भोपाल, पटना और कलकत्ता से हम गांवों को शक्तियां देने जा रहे हैं। उस वक्त लगा था कि रीयल ट्रांसफर आफ पावर टू दि पीपल। लेकिन क्या हम ये कर पाये? ये कौन-सा प्रोटेक्टिव हो गया गांवों के लोगों में, पंचायत के लोगों में इस समय कौन सा प्रोटेक्टिव रहता है? जितनी बातें हम राजनीतिक शक्ति के विकेन्द्रीकरण की करते हैं उतना ही उल्टा आज गोवा में अनुभव किया जा रहा है। इसलिए मैं मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहूंगा कि जब आप इस कानून की मंजूरी संसद से ले रहे हैं जो स्थिति बाकी पंचायतों की हुई है वही स्थिति इन ट्राइबल एरियाज की पंचायतों की न हो? मैं आपसे विनम्रता से निवेदन करना चाहता हूं कि 9 जनवरी, 1996 को पंचायती मंत्रियों की कमेटी में निर्णय हुआ था उसकी समीक्षा करें क्योंकि पंचायत मंत्रियों को विश्वास में लेकर के जो निर्णय लिये गये थे आज वे निर्णय लागू क्यों नहीं हो रहे हैं? क्यों नहीं पंचायतों को वायबल बनाया जा रहा है? क्यों नहीं पंचायतों को अपने नियंत्रण में विकास के काम पर लगाया जा रहा है? एक महत्वपूर्ण निर्णय हुआ था एन्टी पावर्टी प्रोग्राम। मंत्री जी आप एन्टी पावर्टी प्रोग्राम के प्रभारी मंत्री है, उसकी समीक्षा तो करिए कि मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि एन्टी पावर्टी प्रोग्राम पंचातयों के हाथ में जाएगा, आज तक गया है क्या? ट्राइबल एरियाज में

हम यह प्लान धन के साथ चला रहे हैं? उन प्लानों का हश्र क्या हो रहा है? क्योंकि स्थानीय लोगों की सहभागिता उस प्लान के साथ नहीं होती है। आज जब आप पंचायतें बनाने जा रहे हैं तो क्या शेड्यूल्ड एरियाज में, स्वाभाविक रूप से ट्राइबल्स प्लान, एन्टी पावर्टी प्रोग्राम सब पंचायतों के हाथ में जायेंगे? इस बारे में स्थानीय प्रशासन क्या कर रहा है? मंत्रालय ने जो डीआरडीए का नया कंसेप्ट बनाया है, क्या वह पंचायती राज शासन के अधीन होगा? क्या राज्यों में डीआरडीए पंचायती राज संस्था के हाथ में दिया है? आखिर गांवों में ये साधन कैसे पहुंचेंगे। जो बात राजीव गांधी जी ने कही थी कि हमारे केन्द्र के पैसे का केवल 15 प्रतिशत भी गांवों तक नहीं पहुंचता है, बिचौलियों के हाथ में चला जाता है। इसलिए पंचायती राज संस्था की बात सोची गई और इसे संविधान में एक दर्जा दिया गया। लेकिन क्या हम इस मामले में सुधार कर पाये हैं? जो हमारे जवाहर रोजगार योजना के कार्यक्रम, समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम, महिलाओं के बच्चों के विकास के कार्यक्रम, ग्रामीण जल-आपूर्ति योजनाएं हैं, सुनिश्चित रोजगार योजनाओं की स्कीमें हैं जिनको पूरी की पूरी पंचायतों के हाथ में जाना है, राज्य सरकारें आज यह नहीं कर रही हैं, कलेक्टर नहीं कर रहे हैं, वे अपनी शक्तियां नहीं देना चाहते हैं। जहां डीआरडीए जिला परिषद के अधीन काम करे, वहां के लोग नहीं करना चाहते हैं, आखिर जो लोकल सेल्फ गवर्नमेंट की परिकल्पना की गई थी उसको व्यावहारिक रूप कैसे मिल सकेगा? इसलिए मैं निश्चित रूप से यह कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार एक दृढ़ निश्चय करे कि इतने समय तक पंचायती राज को पूर्ण शासन का दर्जा दे दिया जाये, जो शक्तियां उन्हें सौंपी जानी चाहिएं, वह शक्तियां उन्हें सौंप दी जाएं। जो प्रशासनिक ढांचे उनके अन्तर्गत जाने चाहिए, जिन विभागों के वे ढांचे चले जाने चाहिए, जिन विभागों के कार्य पंचायतों को सौंपे जा रहे हैं उन विभागों के प्रशासनतंत्र उन पंचायतों के अधीन या जिला परिषदों के अधीन नहीं होगी तो उन विभागों को देने का कोई मायने नहीं है। ऐसी शिकायतें मध्य प्रदेश की थीं कि आपने शक्तियां तो दे दीं पंचायत, जिला परिषदों को और वहां के प्रशासन की इकाइयों को आपने जिला परिषद के अधीन नहीं किया तो जिला परिषद के अध्यक्ष की कौन सुनेगा, जिला परिषद की बात कौन सुनेगा? इसलिए आधे दिल से यह पंचायती राज संस्था काम नहीं कर सकती है। इसको पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ यह वर्तमान सरकार एक पूर्ण इच्छा शक्ति प्रदर्शित करे और पंचायतों को सक्षम बनाये, व्यावहारिक बनाये, साधन सम्पन्न बनाये और जो संविधान की स्पिरिट थी उस स्पिरिट का समादर करते हुए उन्हें पूर्ण शक्ति सम्पन्न करें। इसलिए आदिवासियों के लिए अलग से यह आज प्रावधान हो रहा है उसका हम समर्थन करते है। लेकिन जो बातें मैंने कही है, मंत्री जी उन पर गौर करेंगे, विचार करेंगे और उन इलाकों में जल्दी से जल्दी पंचायती राज चुनाव कराए जाएं जहां पर रुके हुए हैं। आंध्र प्रदेश में रुके पड़े है। मध्य प्रदेश में सारे चुनाव हो गए। इसलिए अब नए कानून के मुताबिक मध्य प्रदेश में नया चुनाव होना चाहिए। बिहार में चुनाव नहीं हुआ। अब वहां इस कानून के तहत आवश्यक कार्यवाही करके तत्काल इसे करना चाहिए। बिहार में सारे प्रदेश के लिए एक ही कानून बना दिया है जब कि बिहार में सबसे अधिक आबादी इन शैड्यूल्ड एरियाज की है। इसलिए वहां के कानून में तत्काल संशोधन होना चाहिए। मेरा निवेदन है कि इस कानून के पास होने के बाद इस कानून के मुताबिक सभी राज्यों में पंचायती राज स्थापित किया जाना चाहिए। सरकार को पंचायती राज कानून पर अमल न करने वाले राज्यों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अपने संवैधानिक अधिकारों के तहत करनी चाहिए। बिहार, उड़ीसा और तमिलनाडु जहां पर चुनाव नहीं हुए हैं वहां पर तत्काल चुनाव सम्पन्न कराए जाएं और जिन इलाकों में चुनाव हुए हैं और बाकी जो चुनाव होने है, इंटरमिडयरी चुनाव, इनको भी पूरा करा दिया जाए और 9 जनवरी, 1996 की जो पंचायत मंत्रियों की अनुशंसायें हैं उन पर आप दृढ़ होइए और इसको आप तत्काल कर दीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Shri Solipeta Ramachandra Reddy. Are you going to speak in Telugu?

SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY (Andhra Pradesh): Yes, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Did you give prior notice?

SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY: Yes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Since the Secretariat did not have information, they say they

are calling the interpreter. That will take three-four minutes. Please wait till then. In the meantime, I will call the next speaker. Mr. Nilotpal Basu, please.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset, I would like to point out that we support the provisions of this Bill. In fact, Sir, this Bill has a lot of significance in the present context when we are finding that there are a lot of fissiparous tendencies. In that context, in order to integrate the people, unify the people, at the grassroot level and mobilise them in the developmental programmes and planning, and, in terms of decentralisation and devolution of power, it is very important to bring the Scheduled Areas also within the ambit of the general Panchayati Raj administration.

3.00 P.M.

Especially in the light of the working of the panchayati raj system in our State which has been having one of the most vibrant panchayati raj in the last eighteen years almost, some provisions were incorporated later on in the Constitution. So, this will become more meaningful when we integrate the Sixth Schedule Areas within the ambit of the panchayati raj administration. I think this is a major step taken by this new Government in giving our own meaningful objective to the entire thrust of the panchayati raj system.

Therefore, we generally support this Bill. We think that this will also go a long away in really evolving three-tier governance in this country and in mobilising and integrating the people, particularly in those areas where there is backwardness and where there are possibilities of alienation, with the main stream of the national life.

Thank you.

**SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Vice Chairman Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on this important Bill and I rise to support it. One of the main aims of our Constitution to provide for the extension of the provision of part IX relating to the Panchayats has been neglected since three years. The Constitution (Seventy-third Amendment) Act, 1992 contain basic and essential features of the Panchayati Raj Institutions and the purpose was to impart certainty, continuity and strength to them. The Act was brought in force on the 24th day of April 1993.

Sir, After the implementation of this Act elections were held all over the country but those tribals living in Scheduled Areas could not be benefited by it. Since provision contained in part IX did not include Scheduled Areas. Due to this elections could not be held for Vishakapatnam and Khammam Zilla Parishads, for more than 100 Mandals and for more than 1000 village Panchayats in Andhra Pradesh. The same is the case in many states having Scheduled Areas. As elections were not held since three years the Panchayats there were not functioning. This legislation should have been brought three years back.

But Sir, I am glad that it has been brought now and I congratulate the Hon'ble Minister for that I specially request the Minister not to be satisfied with this but work for its implementation also. Necessary action should immediately be taken and elections should be held in all those neglected areas. The State Governments should be instructed strictly in the implementation of this Act.

Sir, I once more congratulate the Minister for bringing this legislation because the bulk of tribal population lives in Scheduled Areas. Once again requesting the best implementation of this legislation I conclude my speech Sir.

Thank you.

*English Translation of the speech delivered in Telugu.

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। लेकिन जहां विभिन्न तरह के अधिकार प्रदान करने की बात इस बिल के अन्दर पृष्ठ 3 पर है, उसमें मेरे कुछ सुझाव हैं। पहला सुझाव यह है कि जो डिग्रेडेड फारेस्ट लैंड अधिसूचित क्षेत्र के अन्दर पड़ती है, उस पर अफोरेस्टेशन के बारे में और उसके मैनेजमेंट के बारे में अधिकार अधिसूचित क्षेत्र की पंचायतों के ज़िम्मे किसी न किसी रूप में होना चाहिए।

यह अधिकार हम प्रदान कर सकते हैं कि जो डिग्रेडेड फारेस्ट लैंड है उस पर पेड़ पौधे भी लगाएं ताकि पर्यावरण की रक्षा हो और उसका लाभ उस क्षेत्र में रहने वाले ट्राइबल्स को भी मिले और यह अधिकार हम इस जमीन को लीज पट्टा पर देकर कर सकते हैं।

आदिवासी वन प्रेमी हैं जो डिग्रेडेशन हुआ है वह उनकी बदौलत नहीं बल्कि वन माफियाओं के चलते हुआ हैं इसलिए डिग्रेडेड फारेस्ट लैंड के मैनेजमेंट में फारेस्टेशन की नीयत से तत्संबंधी अधिकार उन्हें दिये जाने चाहिए। दूसरी बात, उसी अधिसूचित क्षेत्र के अंदर सरकारी जमीन पर और यहां तक कि डिग्रेडेड फारेस्ट लैंड पर आदिवासियों की बस्तियां बसी हुई हैं। ये विस्थापित आदिवासी हैं। जमीन के अभाव में उन्होंने अपनी बस्तियां बसा ली हैं। ये बस्तियां कहीं कहीं 20 वर्षों से बसी हुई हैं। लेकिन ये बस्तियां नियमित नहीं हैं। ये बस्तियां नियमित हों। इन बस्तियों पर उनको अधिकार हो, इन बस्तियों का उन्हें पट्टा मिले इस संबंधी भी प्रावधान इस संबंधी भी अधिकार इसके अंदर दिया जाना चाहिए ताकि बस्ती का अधिकार घर का पट्टा उन्हें रहे जिसके चलते उन्हें बैंकों से ऋण लेने में और दूसरी तरह की सहूलियतें लेने में सुविधा हो। इससे उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। तीसरी बात जो यहां की गयी है बिल के अंदर वह है अनुसूचित जनजातियों को धन उधार देने पर नियंत्रण करने की शक्ति। लेकिन इतने मात्र से यह स्पष्ट नहीं है कि खुद पंचायतें हमारे अधिसूचित क्षेत्र के अंदर या आदिवासी अपने तईं किस तरह से इस पर नियंत्रण करेंगे क्योंकि उन्हें प्रायः जरूरत पड़ती है कर्ज की जो आज भी महाजनों द्वारा उन्हें मिलता है और उन्हीं के जरिए उपलब्ध होता है जो उनके शोषण को बढ़ाता है और उनके बीच इसके चलते बंधुआ मजदूरों की संख्या बढ़ती है। मेरा इसमें आग्रह यह है कि इस तरह के निर्देश केन्द्र सरकार की तरफ से बैंकों को जाने चाहिए जो अधिसूचित क्षेत्र में आपरेट करते हैं और जो बड़े बड़े औद्योगिक घरानों को कर्ज देते हैं कि इस प्रति वे आदिवासियों को कर्ज दें ताकि महाजनी कर्ज से उनकी जान बचे। इस बाबत भी कुछ निर्देश, कुछ उपाय हमारे बिल के अंदर होने चाहिएं जो बिल हम पास करने जा रहे हैं।

अंतिम मेरा सुझाव है इविक्शन की समस्या को लेकर। अधिसूचित क्षेत्र में आदिवासियों के समक्ष उनकी अपनी पैतृक भूमि से और जिस जमीन पर वे बसे हुए हैं उस पर से बेदखली की समस्या काफी गहरी है। हम अधिसूचित क्षेत्रों की जांच करें तो यह पता चलेगा कि फारेस्ट डिपार्टमेंट के अनेक क्रिमिनल मुकदमें आदिवासियों पर चल रहे हैं और कई जगहों पर तो फारेस्ट डिपार्टमेंट के केसेज के अंदर, क्रिमिनल केसेज के अंदर वे जेल के अंदर बंद हैं। इनमें से कुछ मामले इविक्शन को लेकर भी हैं। तो जहां बाजारों के प्रबंधन और नियंत्रण की बात की गयी है, मद्य निषेध के प्रति जो अधिकार दिया गया है वहां साथ ही साथ इविक्शन की घटनाओं को रोकने की बाबत भी अधिसूचित क्षेत्रों में पंचायतों को अधिकार दिए जाने चाहिए।

एक बात का और निवेदन करूंगा और वह यह है कि जहां कहा गया है कि सभी सामाजिक सेक्टरों में संस्थाओं और कार्यकर्ताओं पर नियंत्रण करने की शक्ति — तो इस तरह के जो एन०जी०ओ० (नान गवर्नमेंटल आर्गेनाइजेशन) अधिसूचित क्षेत्र में काम कर रहे हैं उनकी बाबत यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि उनमें 75 प्रतिशत रिप्रेजेंटेशन जब ट्राइबल्स का होगा तभी उन्हें पंजीकृत किया जाएगा और तभी उन्हें उस इलाके में आपरेट करने का अधिकार मिलेगा। मेरे यही सुझाव हैं। इन्हीं सुझावों के साथ मेरा आग्रह है कि मंत्री जी इस बाबत भी विचार करेंगे। मैं अपनी पार्टी की तरफ से इस बिल का पुरजोर समर्थन करता हूं।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): मान्यवर उपसभाध्यक्ष जी, पंचायत-उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) विधेयक, 1996 का मैं दिल से समर्थन करता रहा हूं। मान्यवर, जब संविधान (तेहत्तरवां संशोधन) अधिनियम, 1992 पारित हुआ तो भाग 9 इसमें जोड़ा गया था और इसके अनुसार देश की अनेक विधान सभाओं ने पंचायती राज अधिनियम बनाया और कुछ राज्यों को छोड़ करके यहां चुनाव भी हुए। लेकिन इन क्षेत्रों में, जो अनुसूचित क्षेत्र हैं, जनजाति क्षेत्र हैं, ये इस कानून से वंचित रह गए थे। इन क्षेत्रों में भी पंचायती राज की व्यवस्था लागू करने के लिए यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है। मान्यवर, मैं इस विधेयक की इसलिए

प्रशंसा कर रहा हूं कि अन्य विधेयकों में तो अधिकार देने की व्यवस्था होती है, किसी भी संस्था के संचालन की व्यवस्था होती है, लेकिन इसमें कुछ सकारात्मक व्यवस्था पहले से ही कर दी गई है जो अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि अगर इसके विपरीत इन क्षेत्रों के लिए पंचायती राज की व्यवस्था हो जाएगी तो शायद वह उपयोगी नहीं होगी और उसका विरोध भी हो सकता है। मान्यवर, जैसे इस विधेयक में यह कहा गया है कि राज्य विधान सभा जो इस संबंध में कानून पारित करेगी उसमें रूढ़िजन्य विधि, सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं और सामुदायिक स्रोतों की पारंपरिक प्रबंध पद्धतियों के अनुरूप होंगे, जो जनता की रूढ़ियों और परंपराओं की रक्षा और परिरक्षा करने के लिए सक्षम होगी और जिसमें सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए और ऐसे कार्यक्रमों के अधीन हिताधिकारियों की पहचान के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं का अनुमोदन करने की शक्ति निहित होगी। मैं समझता हूं कि इस तरह की यह पहली बार व्यवस्था की जा रही है कि जो इन क्षेत्रों के लोगों का रीति-रिवाज़ है, जो इनकी परंपरा है, उसको कोई आघात न पहुंचे। इनकी सम्पत्ति का अनुरक्षण होता रहे इस तरह का कानून बने और विशेष करके इनकी भूमि का गैर कानूनी तरीके से हस्तांतरण न हो सके ताकि ये अपनी भूमि से, अपनी सम्पत्ति से वंचित न हो सकें। मैं इस विधेयक की विशेषता मानता हूं।

मान्यवर, पूरे देश में, उत्तर प्रदेश को छोड़ करके भूमि व्यवस्था अधिनियम कहीं लागू नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में जमींदारी अधिनियम लागू किया गया और उसमें एक व्यवस्था की गई कि अनुसूचित जाति, जनजाति, इनकी भूमि को बिना कलैक्टर की परमिशन के कोई खरीद नहीं सकता है। इनकी भूमि को ले नहीं सकता है और उनकी भूमि पर अगर कोई कब्जा करता है तो पीनल लॉ में उसका प्रोसीक्यूशन होगा।

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश): हिमाचल में भी है।

श्री ईश दत्त यादव: हिमाचल में भी होगा। और यह व्यवस्था कर दी गई जमींदारी उन्मूलन अधिनियम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के अंदर कि किसी भी दशा में अनुसूचित जाति या जनजाति की सवा तीन एकड़ भूमि से जब अधिक होगी तभी हस्तांतरण हो सकता है, इसके अतिरिक्त हो नहीं सकता है। इस तरह की इसमें व्यवस्था की जा रही है। मान्यवर, आपने घंटी बजा दी, मैं समय नहीं लूंगा लेकिन एक ही निवेदन करना चाहता हूं कि जब संसद् से यह 73वां संविधान संशोधन पास हुआ... और पंचायतों के चुनाव हो गए, गांव पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक त्रि-स्तरीय पंचायतें बनीं—गांव पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत। मान्यवर, पंचायतें तो बन गयीं, चुनाव भी हो गए और लोग काम कर रहे हैं, लेकिन उन को कोई अधिकार आज तक नहीं दिए गए। जो मंशा थी संसद की, जो संविधान संशोधन की मंशा थी कि "पावर टू द पीपुल" यानी सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए, जनता के प्रतिनिधियों के हाथ में होनी चाहिए, वह अधिकार नहीं दिए गए। उल्टे जो कानून की व्यवस्था है पंचायतों की, उस में सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट का, कलेक्टर का और कमिश्नर का हमेशा इन चुनी हुई संस्थाओं के ऊपर आतंक रहता है। मैं चाहता हूं मंत्री जी इस पर गंभीरता से विचार करें। मान्यवर, जन-प्रतिनिधि चुना जाता है और परगना अधिकारी जोकि एस०डी०एम० होता है, वह प्रधान को सस्पेंड कर देता है। कमिश्नर जिला पंचायत के अध्यक्षों के अधिकारों को समाप्त कर देता है और काम नहीं करने देता। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि देश में पंचायत व्यवस्था तो लागू हो गयी, लेकिन जिन शक्तियों को आप देना चाहते थे, उन शक्तियों को नहीं दिया गया है। मैं चाहूंगा कि जहां चुनाव हुए पंचायत-राज एक्ट के अंतर्गत और जो यह नया विधेयक आप ने प्रस्तुत किया है जोकि कानून का रूप लेगा, इन सारे कानूनों में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि जनता द्वारा चुने हुए जो जन-प्रतिनिधि हैं, संस्थाएं हैं उन को वित्तीय अधिकार, प्रशासनिक अधिकार और सारे अधिकार होने चाहिए क्योंकि आज तक यह अधिकार उन्हें मिले नहीं हैं। मान्यवर मैं उत्तर प्रदेश की बात जानता हूं। वहां के लोगों ने हाईकोर्ट में मुकदमा दायर कर रखा है,. लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। मैटर सब्जुडिस है, इसलिए मैं कुछ नहीं कहना चाहता, केवल आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जो यह कानून बने हैं और जिन के अंतर्गत चुनाव हुए हैं और यह नया कानून बन रहा है, इस के अंतर्गत चुनाव होंगे, उन में केन्द्र सरकार और आप देखें कि इन जनता की संस्थाओं को पूरे अधिकार मिलें। साथ ही वित्तीय अधिकार कुछ सीमा तक और प्रशासकीय अधिकार कुछ सीमा तक मिलें, तभी यह "पावर टू द पीपुल" जनता के हित में संभव हो सकेगा और देश में यह परिकल्पना तभी पूरी होगी जब इस कानून पर पूरी शक्ति से अमल किया जाएगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री अजीत जोगी): धन्यवाद। श्री वी०पी० दुरैसामी।

SHRI V.P. DURAISAMY (Tamil

Nadu): Sir, by introducing this Bill, the United Front Government makes it clear that it wants to take care of the Scheuled Caste and Scheduled Tribe people. When the provisions of this Bill are implemented, the oppressed sections of the society will get an opportunity to contest in panchayat elections.

